


आॅलराउंडर बनने के लिए व्यक्ति को जीवन के शुरुआती सीखने के चरण में सर्वांगीण रूप से विकसित होने की आवश्यकता होती है।
- कपिल देव

पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान, स्कूल में खेल और आउटडोर गतिविधियों पर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## डी गुकेश



वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश का टाटा स्टील चेस टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन जारी है। उन्होंने पांचवें राउंड के मुकाबले में बुधवार को विजक आन जी को मात दी। इस जीत से गुकेश को डबल फायदा हुआ। इस दौरान वह न सिर्फ भारत के नंबर वन खिलाड़ी बने बल्कि उन्होंने वर्ल्ड रैंकिंग में भी चौथा स्थान हासिल किया। गुकेश वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद पहली बार कोई टूर्नामेंट खेल रहे हैं।गुकेश ने कहा कि, एक बार जब मैं बोर्ड पर पहुंच जाता हूं तो आमतौर पर मुझे प्रतिद्वंद्वी की परवाह नहीं होती, चाहे वह एक अच्छा दोस्त हो या कोई और। ये हमेशा की तरह व्यवसाय होगा।

**क्या आप जानते हैं ?...** वनडे क्रिकेट में सबसे ज़्यादा शतक लगाने वालों की सूची में सबसे आगेविराट कोहलीहैं, जिन्होंने 295 मैचों में 50 शतक लगाए हैं।

## एडम जम्पा आईएल टी-20 के तीसरे सत्र में शारजाह वॉरियर्स से जुड़े

शारजाह, 23 जनवरी। ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर और दाएं हाथ के बल्लेबाज एडम जम्पा डीपी वर्ल्ड आईएल टी-20 के तीसरे सत्र के शेष भाग में शारजाह वॉरियर्स के लिए खेलेंगे। उन्हें श्रीलंकाई विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस की जगह टीम में शामिल किया गया है। एडम जम्पा ने शारजाह वॉरियर्स के साथ जुड़ने को लेकर कहा, मैं यूएई लौटकर और डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 के तीसरे सत्र के लिए शारजाह वॉरियर्स में शामिल होकर बहुत खुश हूं।

## वेंकटेश अय्यर रणजी ट्रॉफी मुकाबले के दौरान हुए चोटिल

तिरुवनंतपुरम, 23 जनवरी। केकेआर टीम को आईपीएल 2025 से पहले बड़ा झटका लगा है। दरअसल, रणजी ट्रॉफी 2024-25 का छठा राउंड शुरू हो चुका है। मध्य प्रदेश और केरल के बीच तिरुवनंतपुरम के ग्रीन फील्ड स्टेडियम में खेले जा रहे मैच में स्टार भारतीय ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर बुरी तरह से चोटिल हो गए हैं। जिसके बाद उन्हें मैदान से बाहर ले जाया गया है। अय्यर की चोट इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी केकेआर के लिए चिंता का विषय हो सकती है। मैच में एमपी की टीम पहले बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर उतरी और उनकी शुरुआत अच्छी नहीं रही। मध्य प्रदेश ने 49 रनों पर 4 विकेट गंवा दिए थे और उसके बाद अय्यर बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरे लेकिन वे चोटिल हो गए और मैदान छोड़कर बाहर चले गए। अय्यर का बल्लेबाजी के दौरान टखना मुड़ गया। जिसके बाद वे मैदान पर लेट गए और दर्द से कराहने लगे। उन्हें मैदान पर तुरंत फिजियो ने ट्रीटमेंट दिया, जिसके बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। आईपीएल ऑक्शन में अय्यर को केकेआर ने 23.75 करोड़ रुपये की भारी बोली लगाकार खरीदा है। वहीं फ्रेंचाइजी उन्हें कप्तान बनाने के बारे में भी सोच रही थी। ऐसे में अय्यर की चोट टीम की सरदर्द न बन जाए। आईपीएल की शुरुआत 23 मार्च से होनी है। अगर एड़ी की चोट पर नजर डालें तो इसे ठीक होने में आमतौर पर 6-7 सप्ताह का समय लगात है। ऐसे में अब 6 सप्ताह का समय वेंकटेश को मिल सकता है लेकिन कई बार मामला गंभीर होने पर इसे ठीक होने में 5 से 6 महीने का भी समय लग जाता है और मोहम्मद शमी का उदाहरण भी हमारे सामने है।

**राजस्थान-विदर्भ रणजी मैच**

## राजस्थान के खलील की घातक गेंदबाजी

जयपुर, 23 जनवरी। राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में जयपुर में खेली जा रही बीसीसीआई की राष्ट्रिय सीनियर रणजी ट्रॉफी के आज से जयपुर में के एल सैनी स्टेडयम पर शुरु हुए राजस्थान - विदर्भ रणजी मैच के पहले दिन राजस्थान के गेंदबाज खलील अहमद की घातक गेंदबाजी व मानव सुथार, अजय कुकना के शानदार सहयोग से राजस्थान ने विदर्भ को पहली पारी में सस्ते में सिमेटा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विदर्भ टीम राजस्थान के गेंदबाज खलील अहमद , मानव सुथार व अन्य अजय कुकना की शानदार गेंदबाजी की सामने मात्र 165 रनो के स्कोर पर आल आउट हो गयी। टीम के लिए करुण नायर 39 , ऐ वाडकर 34 व हुते 34 रनो का योगदान दिया। राजस्थान के गेंदबाज खलील अहमद अहमद ने घातक गेंदबाजी करते हुए विदर्भ की आधी टीम को पवेलियन लौटाया। खलील ने 37/5 , मानव सुथार 40/3 व अजय कुकना 24/2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक राजस्थान ने अपनी पहली पारी में 5 विकेट के नुकसान पर 101 रन बना लिए थे। कप्तान महिपाल लोमरोर नाबाद 44 रन बनाकर खेल रहे हैं। टीम के लिए महिपाल लोमरोर नाबाद 44 , शुभम गढ़वाल 22 , कार्तिक शर्मा 16 रनो का योगदान दिया। विधर्भ के गेंदबाज एस कापसे 17/2 , हर्ष दुबे , ऐ ठाकरे व हुते प्रत्येक 1-1 विकेट प्राप्त किये।



## ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने इंग्लैंड को छह रन से हराया



कैनबरा 23 जनवरी। कप्तान तालिया मैक्ग्रा (नाबाद 48), बेथ मूनी (44) की शानदार बल्लेबाजी के बाद कसी हुई गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने गुरुवार को वर्षा बाधित मैच में इंग्लैंड को दूसरे टी-20 में छह रन से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया के 185 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए मैया बाउचियर और डेनियल वायट की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़े।

**चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान सुरक्षा के इंतजाम**

# 15000 जवानों की होगी तैनाती, सड़कों पर होगी आर्मी

नई दिल्ली, 23 जनवरी। 19 फरवरी से पाकिस्तान में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज होना है। सुरक्षा के कारण टीम इंडिया इस टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल के तहत दुबई में खेलेगी। जबकि अन्य 7 टीमें अपने सभी मैच पाकिस्तान में ही खेलेगी। वहीं अब इस टूर्नामेंट में सुरक्षा तैयारियों को लेकर कई खबरें सामने आ रही हैं। पिछले दिनों पाकिस्तान इस टूर्नामेंट की तैयारियां पूरी ना होने के कारण आलोचनाओं में घिरा रहा है। ऐसी कई तस्वीरें और वीडियो सामने आती रही हैं जिनमें कराची, लाहौर और रावलपिंडी के मैदानों में दर्शकों के बैठने की व्यवस्था तक दुरुस्त नहीं हुई है। वहीं अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड सुरक्षा व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटा हुआ है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार कहा जा रहा है कि, पाकिस्तान इस




टूर्नामें के लिए सुरक्षा के लिए 15 हजार सुरक्षा कर्मियों को तैनात करने वाला है। एक पाकिस्तानी चैनल के मुताबिक पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने लाहौर और रावलपिंडी मैदानों की सुरक्षा के लिए 12,564 पुलिस कर्मियों की तैनाती का प्लान बनाया है। लाहौर में कुल 7,618 और रावलपिंडी मेंं 4,535 पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाएगा। इसके अलावा स्पेशल ब्रांच के 411 अधिकारी सारे सिक्योरिटी ऑपरेशन संभालेंगे। सुरक्षा व्यवस्था केवल मैदानी इलाकों के लिए नहीं बल्कि आसमान में भी आर्मी सुरक्षा व्यवस्था का खास ख्याल रखेगी। पुलिस कर्मी होटल से लेकर मैदान के रास्तों पर कैमरा फिट कर रही है। हर तरह से खिलाड़ियों की सुरक्षा का इंतजाम किया जा रहा है।

पाकिस्तान 29 साल बाद किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करने जा रहा है। साल 2009 में श्रीलंकाई टीम पर हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पर सुरक्षा कारणों से लगातार सवाल उठते रहे हैं। लाहौर और रावलपिंडी के लिए सुरक्षा कर्मियों की संख्या सामने आ चुकी है लेकिन कराची को लेकर अभी तक अपडेट सामने नहीं आया है। बता दें कि, इतनी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद भारतीय क्रिकेट टीम चैंपियंस ट्रॉफी खेलने पाकिस्तान नहीं आएगी। बीसीसीआई ने हाइब्रिड मॉडल की मांग की थी, जिसके तहत टीम इंडिया के सारे मैच दुबई में खेले जाएंगे।

**सबालेंका लगातार तीसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में**

## मैडिसन कीज ने इगा स्वातेक को सेमीफाइनल हराया; 25 जनवरी को खिताबी मुकाबला

मेलबर्न, 23 जनवरी। डिफेंडिंग चैंपियन एरिना सबालेंका ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के फाइनल में पहुंच गई हैं। सबालेंका ने लगातार तीसरी बार ग्रैंड स्लैम के फाइनल में जगह बनाई। 25 जनवरी को खिताबी मुकाबले में उनका सामना अमेरिका की मैडिसन कीज से होगा।

मेलबर्न के रॉड लेवर एरिना में बेलारूस की सबालेंका ने स्पेन की पाउला बडोसा को हराया। उन्होंने 6-4, 6-2 के अंतर से जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलियन ओपन में यह उनकी लगातार 20वीं जीत रही, वे 2023 और 2024 में भी टाइटल जीत चुकी हैं।

अमेरिका की मैडिसन कीज ने विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वियाटेक को हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जगह बना ली है जहाँ उनका मुकाबला दो बार की गत विजेता आर्यना सबालेंका से होगा।



आज यहां दो घंटे 35 मिनट तक चले मुकाबले में कीज ने पाँच बार की ग्रैंड स्लैम विजेता स्वियाटेक पर 5-7, 6-1, 7-6 (10-8) से चौंका देने वाली जीत दर्ज करते हुए अपने करियर के दूसरे बड़े फाइनल मुकाबले में जगह बनाई। पहले सेट में स्वियातेक ने अपने अनुभव और शानदार बैकहैंड के दम पर बढ़त बनाई। लेकिन कीज ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए यह सेट 7-5 से जीत लिया। इसके बाद दूसरे सेट में कीज ने आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए स्वियातेक को 6-1 से हराया। तीसरा सेट संघर्ष पूर्ण रहा। टाईब्रेक में स्वियाटेक ने मैच पॉइंट हासिल किया, लेकिन कीज ने ध्यान और धैर्य से खेलते हुए बाजी पलट दी।

मैच के बाद मैडिसन कीज ने कहा, मैं यहां तक पहुँचने के लिए बहुत मेहनत की है और फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगी। एक अन्य मुकाबले में बेलारूस की शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने करीबी मित्र पाउला बडोसा पर 6-4, 6-2 की शानदार जीत के साथ 26 वर्षों में लगातार तीन ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने वाली पहली महिला बनने का मौका हासिल किया।

मैच के बाद सबालेंका ने कहा, मेरे रोंगटे खड़े हो गए हैं। मुझे खुद पर और अपनी टीम पर बहुत गर्व है कि हम स्वयं को ऐसी स्थिति में लाने में सक्षम थे। उन्होंने कहा, अगर मैं अपना नाम इतिहास में दर्ज कराती हूं तो यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात होगी। मैं इसके बारे में सपने में भी नहीं सोच सकती थी।

## मोदी और मांडविया ने शीतकालीन खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी

लेह, 23 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने गुरुवार को पांचवें खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और संदेश के जरिए उनका उत्साहवर्धन किया। केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख के एनडीएस स्टेडियम में आज पांचवें खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों की शुरुआत हुई। मोदी ने शीतकालीन खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए संदेश में कहा, हमारी सरकार लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में खेल विकास को पहली प्राथमिकता देती है। जम्मू-कश्मीर में 100 खेलो इंडिया केंद्रों और लद्दाख में तीन केंद्रों से हमारे प्रयास इस क्षेत्र को खेल उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में आकार दे रहे हैं। खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 हमारी खेल उत्कृष्टता को अगले स्तर तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा, हमारी सरकार लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में खेल विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। जम्मू और कश्मीर में 100 खेलो इंडिया केंद्रों और लद्दाख में तीन है। इनमें एथलेटिक्स, तीरंदाजी और मुक्केबाजी के लिए लेह में एक राज्य उत्कृष्टता केंद्र भी शामिल है। इनके जरिए हमारा प्रयास इस क्षेत्र को खेल उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में आकार दे रहा हैं।

## भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को 60 रनों से हराया

क्वालालंपुर 23 जनवरी। जी तृषा (49) रनों की पारी के बाद शबनम, जोशिता और परुनिका की धारदार गेंदबाजी के दम पर भारतीय महिला टीम ने गुरुवार को अंडर-19 टी-20 विश्वकप मुकाबलें में श्रीलंका को 60 रनों से हराया। भारत के 118 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका के बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे तू चल मैं आया की तर्ज पर अंतराल पर अपने विकेट गवांते रहे।भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंकाई बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया और श्रीलंका की टीम निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 58 रन ही बना सकी तथा 60 रनों से मुकाबला हार गई। श्रीलंका की ओर से केवल रश्मिका सेवांडी (15) ही दहाई आंकड़े तक पहुंच सकी।



भारत के लिए शबनम, जोशिता और परुनिका सिसोदिया ने दो-दो विकेट लिए। आयुषी शुक्ला और वैष्णवी शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां श्रीलंका की टीम ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने जी तृषा (49), कप्तान निक्की प्रसाद (11), मिथिला विनोद (16) और वीजे जोशिता (14) रनों के योगदान से निर्धारित 20 ओवरो में नौ विकेटपर 118 का स्कोर खड़ा किया। श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे तृषा को छोड़कर कोई भी भारतीय बल्लेबाज अधिक देर तक पिच पर नहीं टिक सका। श्रीलंका की ओर से असेनी थलागुने, लिमांसा थिलाकरत्ना और प्रमुदी मेथसारा ने दो-दो विकेट लिये।

**मलेशिया को हराकर वेस्टइंडीज महिला अंडर-19 विश्वकप के सुपर सिक्स में :** असाबी कॉलेंडर (30) रन के बाद समारा रामनाथ (चार विकेट) की शानदार प्रदर्शन के दम पर वेस्टइंडीज ने गुरुवार को मेजबान मलेशिया को 53 रनों से हराकर महिला अंडर-19 टी-20 विश्वकप के सुपर सिक्स चरण में जगह बना ली हैं। वेस्टइंडीज के 112 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी मलेशिया की पूरी टीम वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 18 ओवर में 59 रन पर ढ़ेर हो गई। नूर दानिया स्यूहादा ने (12) रन बनाये। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। वेस्टइंडीज के लिए समारा रामनाथ को चार विकेट मिले। नाइजैनी कम्बरबैच और एरिन डीन ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। जी क्लैक्सटन को एक विकेट मिला। इससे पहले आज यहां मलेशिया की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

**// जयपुर पोलो सीजन 2025 //**

## जयपुर टीम के हिम्मत और वाटसन के चौके, पदमनाभ सिंह के पंजे से वी पोलो ढेर

जयपुर, 23 जनवरी। जयपुर पोलो सीजन 2025, राजमाता गायत्री देवी मेमोरियल कप (06 गोल) गुरुवार को तीन मैच खेले गए। पहला मैच वी पोलो बनाम जयपुर के बीच खेला गया जिसमें जयपुर ने वी पोलो को साढ़े आठ के मुकाबले तेरह गोल से हराया। जयपुर की ओर से हिम्मत सिंह और लांस वाटसन ने 4-4, महाराज पदमनाभ सिंह ने 5 गोल किये। वी पोलो जबकि टीम को डेढ़ गोल का एडवांटेज मिला हुआ था।

**डेल्टा पोलो ने चांदना मेफेयर को छह गोल के मुकाबले सात गोल से हराया :** दूसरा मैच डेल्टा पोलो बनाम चांदना मेफेयर के बीच खेला गया। डेल्टा पोलो ने चांदना मेफेयर को छह गोल के मुकाबले सात गोल से हराया। चांदना मेफेयर की ओर से सिद्धान्त शर्मा ने 5, ओर सिमरन शेरगिल ने 1 गोल किये।

वहीं डेल्टा पोलो की ओर से विश्वरूप बजाज ओर अभिमन्यु पाठक ने 2-2, जुअन्क्ले ने 3 गोल किये।

**अरावली पोलो ने रामबाग पोलो को 4 के मुकाबले 5 गोल से हराया :** तीसरा मैच अरावली पोलो बनाम



रामबाग पोलो टीम के बीच खेला गया, जिसमे अरावली पोलो ने रामबाग पोलो को 4 के मुकाबले 5 गोल से हराया। अरावली की ओर से डिनो धनखड़ और जयवीर सिंह ने 1-1 और मैनुअल एफ लोरंटे ने 3 गोल किये। रामबाग पोलो की ओर से सलीम आज़मी ने 1, ध्रुवपाल गोदारा ने 2 ओर शमशीर अली ने 1 गोल किया।

## रणजी ट्रॉफी: रोहित शर्मा से लेकर शुभमन गिल तक हुए फेल



बेंगलुरु, 23 जनवरी। खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल गुरुवार को रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट के अपने-अपने मुकाबलों में विफल रहे, और सस्ते में आउट होकर पवेलियन लौट गये। आज यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कर्नाटक के खिलाफ पंजाब के लिए खेल रहे।

रणजी ट्रॉफी 2024-25 के इस सीजन में जम्मू-कश्मीर के सामने मुंबई ढेर हो गई। लेकिन शार्दुल ठाकुर ने अर्धशतकीय पारी खेलकर मुंबई का स्कोर 100 के पार पहुंचाने का काम किया। अगर शार्दुल ये पारी नहीं खेलते तो मुंबई का हाल और भी बुरा हो सकता है।इस मैच में मुंबई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करने का फैसला किया था, लेकिन मुंबई के बल्लेबाजों ने जम्मू कश्मीर के गेंदबाजों के सामने घुटने टेक दिए। मुंबई की टीम महज 120 रन पर ही सिमट गई। मुंबई को इतने कम स्कोर पर समटने में जम्मू-कश्मीर के गेंदबाज उमर नजीर और युद्धवीर सिंह की बड़ी भूमिका रही।जम्मू-कश्मीर के खिलाफ इस मैच की पहली पारी में मुंबई के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 57 गेंदों पर 2 छक्के और 5 चौकों की मदद से 51 रन की पारी खेली और वो इस टीम के बेस्ट स्कोरर भी रहे। इसके अलावा तनुष कोटियान ने आखिरी समय पर 26 रन की अहम पारी खेली और इनकी बल्लेबाजी के दम पर मुंबई का स्कोर 120 रन तक पहुंच पाया। इस दौरान मैच में रोहित शर्मा 3 तो यशस्वी जायसवाल 4 रन पर आउट हो गए।दूसरी तरफ रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल के अलावा टीम इंडिया के अन्य स्टार खिलाड़ी शुभमन गिल, ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ी भी घरेलू मैचों में फेल साबित हुए। पंजाब की कप्तानी करने वाले शुभमन गिल का तो हाल ही बुरा रहा। उनकी पूरी टीम कर्नाटक के खिलाफ महज 55 रनों पर ही सिमट गई। तो दिल्ली की ओर से खेलते हुए ऋषभ पंत का बल्ला भी नहीं चला। सौराष्ट्र के खिलाफ मैच में वह महज एक रन ही बना पाए। धमेंद्र जडेजा ने उनको अपना शिकार बनाया। वहीं जम्मू-कश्मीर के खिलाफ यशस्वी जायसवाल, रोहित शर्मा और अजिंक्य रहाणे के बाद भारत के दो इंटरनेशनल खिलाड़ी श्रेयस अय्यर और शिवम दुबे भी कुछ खास नहीं कर सके। अय्यर 11 तो शिवम दुबे बिना खाता खोले ही पवेलियन लौटे।

## रवींद्र जडेजा और हार्विक देसाई ने सौराष्ट्र को संकट से उबारा

राजकोट 23 जनवरी। रवींद्र जडेजा (पांच विकेट/38 रन) और हार्विक देसाई (93) रन के शानदार प्रदर्शन के दम पर गुरुवार को रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मुकाबले में सौराष्ट्र ने दिल्ली को 188 रन पर समेटने के बाद पांच विकेट पर 163 रन बनाकर मैच पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली हैं।

दिल्ली को 188 रन पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी सौराष्ट्र की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने 73 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये थे। हालांकि इस दौरान हार्विक देसाई एक छोर थामे खड़े रहे। रवींद्र जडेजा (38)रन बनाकर आउट हुये। दिन का आखिरी विकेट शतक की ओर बढ़ रहे हार्विक देसाई का गिरा। उन्होंने 120 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 93 रनों की पारी खेली। दिन का खेल समाप्त होने के समय सौराष्ट्र ने पांच विकेट पर 163 रन बना लिये थे और वह अभी दिल्ली के स्कोर से 25 रन पीछे है। अर्पित वसावड़ा (नाबाद तीन) क्रीज पर मौजूद थे। दिल्ली की ओर से शिवम शर्मा को दो विकेट मिले। हर्ष त्योगी , आयुष बढ़ोनी और अमित राणा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली को सौराष्ट्र के रवींद्र जडेजा (पांच विकेट) और धर्मेन्द्र सिंह जडेजा (तीन विकेट) के कहर का सामना करना पड़ा। इन दोनों गेंदबाजों ने दिल्ली के आठ बल्लेबाजों को आउट किया। कप्तान आयुष बदोनी (60), यश ढुल (44), मयंक गुसैन (नाबाद 38), जोंटी सिद्धू (16) और सनत सांगवान (12) रन बनाकर आउट हुये। सौराष्ट्र के गेंदबाजों ने दिल्ली को 49.4 ओवर में 188 के स्कोर पर समेट दिया।

## इनविटेशन गोल्फ कप 25 को

**पुरुष, महिला, वेटरन (60), और मेम्बर आदि श्रेणियों में प्रतिभागी होंगे शामिल**




### दिल्ली से प्रसिद्ध महिला गोल्फर श्वेता मान सिंह भी रहेंगी उपस्थित

जयपुर, 23 जनवरी। कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई)-वेदांता हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड इनविटेशन गोल्फ कप का 5वां संस्करण 25 जनवरी, शनिवार को रामबाग गोल्फ क्लब में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट में गोल्फर्स सहित ब्यूरोक्रेट्स, इंडस्ट्री मेंबर्स, जज, आर्मी, रेलवे ऑफिसर्स आदि जैसी विभिन्न पृष्ठभूमियों से लगभग 100 प्रतिभागी हिस्सा लेने जा रहे हैं, इनमें महिला गोल्फर्स भी शामिल होंगी। इस वर्ष टूर्नामेंट में प्रसिद्ध महिला गोल्फर श्वेता मान सिंह भी उपस्थित रहेंगी। यह आयोजन खेल और कॉरपोरेट्स को एक साथ लाने और एक स्वस्थ व फिट जीवन शैली अपनाने के लिए बढ़ावा देने की एक पहल है। यह जानकारी आज रामबाग गोल्फ क्लब (आरजीसी) में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सीआईआई राजस्थान के पूर्व चेयरमैन, गौरव रूंगटा ने दी गई। इस अवसर पर रामबाग गोल्फ क्लब के कैप्टन, योगेन्द्र सिंह ने कहा कि सीआईआई द्वारा यह आयोजन न केवल गोल्फर्स और इंडस्ट्री के मेम्बर्स को साथ लाने का प्रयास है बल्कि गोल्फ खेल को प्रमोट करने के लिए भी अच्छी पहल है। वहीं रामबाग गोल्फ क्लब के सचिव, समृद्ध शर्मा ने कहा कि हमारा प्रयास है कि इस खेल को हम नई ऊंचाइयों तक ले जाएं। हमारे खिलाड़ी सिर्फ राजस्थान ही नहीं बल्कि देश में भी अपनी पहचान बनाएं।

सीआईआई राजस्थान के पूर्व चेयरमैन, विशाल बैद ने टूर्नामेंट के बारे में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि टूर्नामेंट में पुरुष, महिला, वेटरन (60 ), और मेम्बर आदि श्रेणियों में खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। यह स्टैबलफोर्ड सिंगल पियरियो फॉर्मेट में खेला जाएगा। टूर्नामेंट के विजेताओं और उप विजेताओं के लिए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसमें 0-12, 13-17, और 18-24 वर्ग में पुरुषों के लिए अलग-अलग श्रेणियां होंगी। वहीं बेस्ट वेटरन गोल्फर, बेस्ट लेडी गोल्फर, बेस्ट सीआईआई गोल्फर, और बीट द प्रो श्रेणियों में भी विजेताओं की घोषणा की जाएगी। इसके अतिरिक्त, लॉन्गेस्ट ड्राइव, क्लोज़ेस्ट टू द पिन, और स्ट्रेटेस्ट ड्राइव श्रेणी में ट्रॉफियां प्रदान की जाएंगी। सीआईआई की सीएसआर गतिविधि के बारे में बताते हुए वरिष्ठ निदेशक एवं प्रमुख सीआईआई राजस्थान, नितिन गुप्ता ने कहा कि इस पहल के तहत करीब 140 कैडीज को जैकेट्स वितरित किए गए हैं। इस दौरान टूर्नामेंट की ट्रॉफी का भी अनावरण किया गया।